# कानपुर, अयोध्या में रिंग रोड परियोजनाएं मंजूर

- केंद्र ने आठ नए एक्सप्रेस वे को दी मंजूरी
- आगरा-ग्वालियर के बीच छह लेन कॉरिडोर बनेगा

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। केंद्र सरकार ने विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखकर शुक्रवार को आठ नई एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। इनमें अयोध्या और कानपुर के चारों तरफ रिंग रोड के निर्माण और आगरा-ग्वालियर के बीच छह लेन के कॉरिडोर बनाए जाने को भी मंजूरी दी गई है।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक के बाद आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की अहम फैसलों की जानकारी दी।

धार्मिक नगरी अयोध्या में लगातार ट्रैफिक बढ़ रहा है और भविष्य में भी यहां पर ट्रैफिक बढ़ने की संभावना है। इसे देखते हुए 68 किलोमीटर की चार लेन की रिंग रोड बनाई जाएगी। इसके निर्माण पर 3935 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके बनने से शहर के अंदर जहां वाहनों की संख्या कम होगी वहीं रिंग रोड नेशनल हाईवे को सीधे जोड़ने का काम करेगी। इससे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचना भी आसान हो सकेगा।

कानपुर में 47 किलोमीटर लंबी छह लेन की रिंग रोड को मंजूरी दी गई है। इसके निर्माण पर 3298 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह रिंग रोड जहां शहर के अंदर वाहनों का दबाव कम करने में सहायक होगी वहीं लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे, गंगा एक्सप्रेस-वे को भी सीधे जोड़ने में मदद करेगी।